समाहरणालय, पटना
सामान्य शाखा

फोन नं0 : 0612–2219545 (का0)
फैक्स नं0 : 2218900
Email : sdcpatnageneralsection@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in

पत्रांक LIV-03/2024............../**सा0, पटना दिनांक**–.....................

प्रेषक,

जिलाधिकारी,
पटना।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

विषय– **बिहार राज्य सहयोग क्रय–विक्रय संघ सीमित (बिहार झारखण्ड) का निर्वाचन स्थगन संबंधी सूचना के प्रकाशन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय से संबंधित सूचना संलग्न कर भेजते हुये अनुरोध है कि सरकार द्वारा अनुमोदित दैनिक समाचार पत्रों में दिनांक–03.07.2024 के प्रातः कालीन संस्करण में इसे प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

ह0/–
जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक– LIV-03/2024.1481.........................../सा० दिनांक–02.07.2024

प्रतिलिपिः–प्रबंध निदेशक, बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड) को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि इस आशय की सूचना सभी संबंधित डेलिगेट्स/मतदाता एवं उम्मीदवार को अविलम्ब प्रेषित करना, बिस्कोमान की वेबसाईट पर प्रकाशित कराना तथा अन्य आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

02/07/24
जिलाधिकारी,
पटना।

समाहरणालय, पटना
सामान्य शाखा

फोन नं0 : 0612–2219545 (का0)
फैक्स नं0 : 2218900
Email : sdcpatnageneralsection@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in

बिस्कोमान
बिहार राज्य सहयोग क्रय–विक्रय संघ सीमित
(बिहार–झारखण्ड)
निर्वाचन स्थगन संबंधी आवश्यक सूचना

बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) के निदेशक पर्षद् मंडल का निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी, पटना–सह–निर्वाचन पदाधिकारी, पटना के आदेश ज्ञापांक–1279 दिनांक–12.06.2024 द्वारा चुनाव कार्यक्रम की सूचना विधिवत् निबंधित डाक (Speed Post) से सभी निर्वाचित जिला स्तरीय डेलिगेट्स/प्रतिनिधि को प्रेषित है।

इससे संबंधित विधिवत सूचना दैनिक समाचार पत्र में ('' हिन्दुस्तान'' दिनांक–13.06.2024 एवं पुनः दैनिक ''हिन्दुस्तान'' के 28.06.2024 के अंक में) भी प्रकाशित कर सभी संबंधित को संसूचित है।

परन्तु बिस्कोमान के निदेशक पर्षद् के निर्वाचन की प्रक्रिया जिस प्रस्तावित उपविधि के आधार पर प्रारंभ की गयी थी, उसका अनुमोदन अस्वीकृत किये जाने का संसूचन सेन्ट्रल रजिस्टार ऑफ को–ऑपरेटिव सोसायटी भारत सरकार के आदेश ज्ञापांक–L-11016/17/2008 Reg दिनांक–21.06.2024 द्वारा प्राप्त हुआ है। तदनुसार उक्त उपविधि के आधार पर प्रारंभ वर्त्तमान निर्वाचन प्रक्रिया को रद्द करने का अनुरोध अध्यक्ष, सहकारिता निर्वाचन प्राधिकार, भारत सरकार को इस कार्यालय के पत्रांक–1479 दिनांक–02.07.2024 द्वारा भेजा गया है। इस पर प्राधिकार का निर्णय संसूचित होने तक बिस्कोमान की वर्त्तमान निर्वाचन प्रक्रिया स्थगित की गयी है।

आदेशानुसार
जिला पदाधिकारी, पटना
–सह–
निर्वाची पदाधिकारी, बिस्कोमान
(बिहार–झारखण्ड)